हरिभूमि

# झज्जर-बहादुरगढ़ भूमि

रोहतक, शुक्रवार 3 अप्रैल 2026

मंडी में 18500 क्विंटल गेहूं 281 किसानों के काटे पास 11



धूमधाम से मनाया हनुमान जन्मोत्सव, लगे भंडारे 12



## खबर संक्षेप

### केएमपी एक्सप्रेस-वे पर अवैध ढाबों और पार्किंग पर लगाई रोक



**झज्जर।** जिलाधीश स्वप्निल रविंद्र पाटिल ने भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता, 2023 की धारा 152 के तहत आदेश जारी करते हुए जिले के अधिकार क्षेत्र में आने वाले केएमपी एक्सप्रेस-वे के किनारे संचालित अवैध ढाबों, खोखों एवं अन्य अनाधिकृत खाद्य प्रतिष्ठानों पर प्रतिबंध लगाने के आदेश जारी किए हैं। उन्होंने कहा कि सड़क सुरक्षा और यातायात के सुचारू संचालन को बनाए रखने के लिए यह आवश्यक है कि ऐसे अवैध प्रतिष्ठानों पर तत्काल प्रभाव से रोक लगाई जाए। इन आदेशों का उल्लंघन करने वालों के खिलाफ भारतीय न्याय संहिता की धारा 223 के तहत सख्त कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने कहा कि यह आदेश तत्काल प्रभाव से लागू होकर आगामी 30 जून तक प्रभावी रहेंगे।

### जॉब फेयर में 43 को मिले ऑफर लेटर

**बहादुरगढ़।** उपमंडल रोजगार कार्यालय द्वारा वीरवार को जॉब फेयर आयोजन किया गया। सहायक रोजगार अधिकारी सुनीता फोगाट ने बताया कि रोजगार मेले में 18 से 40 वर्ष आयु वर्ग के स्नातक एवं स्नातकोत्तर पास 60 अभ्यर्थियों ने इंटरव्यू दिया। जिनमें से 43 युवाओं को विभिन्न पदों के लिए ऑफर लेटर प्रदान किए गए। इनमें से 10 अभ्यर्थियों का चयन असिस्टेंट और डिप्टी मैनेजर पदों पर हुआ। इस दौरान विभिन्न बैंकों ने भाग लिया। उन्होंने बताया कि भविष्य में भी निजी क्षेत्र के नियोक्ताओं के सहयोग से इस प्रकार के रोजगार मेले आयोजित किए जाएंगे।

### नशीली गोलियों सहित दो आरोपी काबू

**बहादुरगढ़।** स्थानीय पुलिस ने नशीली गोलियों सहित दो आरोपी गिरफ्तार किए हैं। आरोपियों के खिलाफ सेक्टर-6 थाने में केस दर्ज किया गया है। दरअसल, पुलिस को सूचना मिली थी कि बाइक सवार दो युवक नाले के रास्ते सांखोल आ रहे हैं। इनके पास नशीली गोलियां हैं। इस पर आरोपियों को शमशान घाट के पास से काबू किया। आरोपियों की पहचान सांखोल निवासी प्रिंस व बबलू के रूप में हुई। इनके पास से प्रतिबंधित 79 नशीली गोलियां बरामद हुई। आरोपियों से पूछताछ की जा रही है।

### 18.7 ग्राम स्मैक सहित दो आरोपी गिरफ्तार

**झज्जर।** सीआईए द्वारा मादक पदार्थ स्मैक सहित दो आरोपियों को गिरफ्तार किया गया है। सीआईए प्रभारी निरीक्षक कर्मवीर ने बताया कि पुलिस की एक टीम थाना दुजाना क्षेत्र में तैनात थी। सूचना मिली कि गांव गुढ़ा के नजदीक स्मैक सहित कुछ लोग स्कॉर्पियो गाड़ी में हैं। कार्रवाई कर उप निरीक्षक प्रीतम की टीम ने उन्हें पकड़ा। उनसे 18.7 ग्राम स्मैक मिली। पाया गया। पकड़े गए आरोपियों की पहचान संदीप निवासी छावनी मोहल्ला व रेनूपाल निवासी शिव कॉलोनी बेरी गेट झज्जर के तौर पर की गई। आरोपियों को पूछताछ के लिए दो दिन के पुलिस रिमांड पर लिया गया है।

### स्टेशन पर शराब से भरा बैग छोड़कर भागा

**बहादुरगढ़।** स्थानीय रेलवे स्टेशन परिसर में जांच के दौरान पुलिस को एक संदिग्ध बैग मिला। पेड़ के पास मिले बैग की जांच की तो उसमें देशी शराब के 48 पव्वे बरामद हुए। कोई अज्ञात शख्स पुलिस को देखकर बैग छोड़ भागा। इस संबंध में जीआरपी बहादुरगढ़ ने अज्ञात के खिलाफ केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

---

**लोवा कलां सिद्दीपुर में मान परिवार 64 वर्ष से निभा रहा परंपरा, सभी दलों के वरिष्ठ नेताओं व कई अभिनेताओं ने की शिरकत**

# देशव्यापी भंडारे में उमड़े हनुमान भक्त, हवन-यज्ञ में मंत्रोच्चारण से गूंजा गांव

कन्या गुरुकुल लोवा कलां की आचार्यों, शिष्याओं और महाराज कालिदास ने यज्ञ और मंत्रोच्चारण के साथ कार्यक्रम शुरू करवाया

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बहादुरगढ़



बहादुरगढ़। गांव लोवा कलां में हुए महोत्सव में उमड़ी हनुमान भक्तों की भीड़।




बहादुरगढ़। श्रद्धालुओं को संबोधित करते भाजपा प्रदेशाध्यक्ष मोहन लाल बड़ौली।

श्री हनुमान जन्मोत्सव पर लोवा कलां सिद्दीपुर में मान परिवार द्वारा आयोजित 64वें देशव्यापी देशी घी के भंडारे में असंख्य लोगों ने शिरकत कर प्रसाद ग्रहण किया। प्रदेश सरकार में मंत्री कृष्ण लाल पंवार, मंत्री डॉ. अरविंद शर्मा, मंत्री राजेश नागर, भाजपा के प्रदेश प्रभारी सतीश पुनिया, प्रदेशाध्यक्ष मोहनलाल बड़ौली, इनेलो सुप्रीमो अभय चौटाला, दिल्ली सरकार के मंत्री मनजिंदर सिंह सिरसा, पूर्व वित्त मंत्री कैप्टन अभिमन्यु समेत अनेक गणमान्य लोग कार्यक्रम में पहुंचे।

कन्या गुरुकुल लोवा कलां की आचार्यों, शिष्याओं और महाराज कालिदास ने यज्ञ और मंत्रोच्चारण के साथ कार्यक्रम शुरू हुआ। अशोक मान, दलबीर मान और सिकंदर मान ने कार्यक्रम में आए लोगों का पुष्पवर्षा से स्वागत किया। संत महात्माओं ने दिनभर प्रवचन और सत्संग किया। प्रसाद में लड्डू के अलावा घी-शक्कर के साथ चावल भी परोसा गया।

कार्यक्रम में महाराज कालीदास, पूर्व सीएम भूपेंद्र हुड्डा के बड़े भाई इंद्र सिंह, विधायक कुलदीप वत्स, राजेश जून, बीबी बत्रा, चंद्रप्रकाश, आप प्रदेशाध्यक्ष सुशील गुप्ता, युवा जजपा प्रदेशाध्यक्ष दिग्विजय चौटाला, पूर्व मंत्री कृष्णमूर्ति हुडा, अभिनेता राजबब्बर, कबीर दूहन, मौसम शर्मा, मनकीरत औलख व सपना चौधरी आदि ने भंडारा प्रसाद ग्रहण किया।

### स्व. हुकुमचंद मान ने की थी शुरुआत

हनुमान जन्मोत्सव का शुभारंभ 64 साल पहले स्व. हुकुमचन्द मान, उनकी पुत्रवधु स्व. वेदवती, स्व. श्रीचंद मान, स्व. सूरजमल और स्व. रामप्यारी ने किया था। अब अशोक मान, दलबीर मान और सिकंदर मान के साथ विराट मान, साहिबा चौधरी, पारस मान, सूर्य मान, डूसू अध्यक्ष आर्यन मान और मानसी मान इस परंपरा को आगे बढ़ा रहे हैं।

---

**किसानों को मिलने की बजाय फैक्ट्रियों में पहुंच रहा यूरिया**

# रोहद में यूरिया के 65 कट्टों से भरी ट्रॉली पकड़ी, चालक गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बहादुरगढ़



सांपला से रोहद की एक फैक्ट्री में जा रहे थे कट्टे

पुलिस को देखकर आरोपी एक फैक्ट्री में घुसा

बहादुरगढ़। पुलिस द्वारा पकड़ी गई ट्रॉली में मौजूद यूरिया के कट्टे।

एक तरफ जहां यूरिया खाद के लिए किसानों को परेशानी झेलनी पड़ती है तो वहीं दूसरी तरफ इसका अवैध रूप से फैक्ट्रियों में उपयोग किया जा रहा है। ऐसे ही एक मामले का पुलिस ने भंडाफोड़ किया है। सांपला से रोहद की एक फैक्ट्री में जा रही ट्रैक्टर-ट्रॉली सीआईए 2 की टीम ने काबू की। ट्रॉली से यूरिया के 65 कट्टे बरामद हुए। एक आरोपी को भी गिरफ्तार किया, जिसके खिलाफ संबंधित धाराओं के तहत आसौदा थाने में केस दर्ज किया गया है।

दरअसल, पुलिस को सूचना मिली थी कि रोहद निवासी एक युवक सांपला से यूरिया लेकर रोहद की एक फैक्ट्री में जा रहा है। इस सूचना पर पीएसआई प्रमोद की अगुवाई वाली सीआईए-2 की टीम ने रोहद पुल के नीचे नाकाबंदी की। जांच के दौरान ट्रैक्टर ट्रॉली को रोकने का इशारा किया लेकिल चालक ने ब्रेक नहीं लगाए। इसके बाद टीम ने पीछा किया तो आरोपी ने ट्रैक्टर दहकोरा रोड स्थित एक फैक्ट्री में घुसा दिया। इस पर टीम ने उसको काबू कर लिया।

आरोपी की पहचान रोहित निवासी रोहद के रूप में हुई। ट्रॉली की तलाशी लेने पर उसमें यूरिया के 65 कट्टे बरामद हुए। प्रत्येक कट्टे का वजन 45 किलो है। बताते हैं कि यह यूरिया अवैध रूप से गोंद बनाने के लिए ले जाई जा रही थी। प्लाईवुड आदि में भी इसका इस्तेमाल होता है। टीम ने प्रशासन को सूचना दी तो कृषि एवं किसान कल्याण विभाग से फर्टिलाइजर इंस्पेक्टर जसबीर सिंह मौके पर पहुंचे और आवश्यक कार्रवाई शुरू की। आरोपी ट्रैक्टर चालक यूरिया संबंधित बिल या कोई अन्य दस्तावेज नहीं दिखा सका। पुलिस का कहना है कि मामले में जांच की जा रही है।

### यूरिया से बनता है बेहतर और सस्ता गोंद

यूरिया का उपयोग फैक्ट्रियों में गोंद बनाने के लिए किया जाता है क्योंकि यह एक प्रभावी और सस्ता रासायनिक पदार्थ है। जब इसे फॉर्मल्डिहाइड के साथ मिलाया जाता है तो यूरिया-फॉर्मल्डिहाइड रेजिन बनता है, जो बहुत मजबूत गोंद होता है। यह लकड़ी, प्लाईवुड तथा फर्नीचर उद्योग में व्यापक रूप से प्रयोग होता है।

---

## अवैध रूप से चल रही मीट की 15 दुकानें कराई बंद



**झज्जर।** शहर में खुली मांस की दुकानों के प्रति सख्त कदम उठाते हुए नगर परिषद कर्मचारियों द्वारा अवैध रूप से चलने वाली मीट की दुकानों को बंद कराया गया। सफाई दरोगा शिवम, कृष्ण, गौरव टाक व विकास उज्जैनवाल की टीम ने राव तुलाराम चौके से कच्चा बादली रोड तक का निरीक्षण करते हुए वहां अवैध रूप से चल रही मीट की दुकानों को बंद कराया। उन्होंने बताया कि नगर परिषद द्वारा मीट शॉप संचालकों के लाइसेंस बनाकर उन्हें नियमानुसार बिक्री की हिदायत दी गई है। इसके लिए मीट शॉप संचालकों के लिए शहर के बाहर स्लाटर हाउस भी बनाया गया है, लेकिन कुछ दुकानदारों द्वारा शहर की घनी आबादी क्षेत्र में दुकानें खोल कर अवैध रूप से मीट की बिक्री की जा रही है। दरोगा विकास उज्जैनवाल ने बताया कि टीम कर्मचारियों द्वारा करीब कुल पंद्रह दुकानें बंद कराई गई।

---

**आरोपी ने फर्जी ज्वाइनिंग लेटर भेजकर बहकाया**

## सरकारी नौकरी व प्लॉट दिलाने के नाम पर 11 लाख की ठगी

- मिनिस्ट्री ऑफ लॉ एंड जस्टिस में नौकरी दिलाने का झांसा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बहादुरगढ़

एचएसवीपी के सेक्टर में स्कीम के तहत सस्ता प्लॉट, मकान तथा सरकारी नौकरी दिलाने के नाम पर ठगी का मामला सामने आया है। दंपति सहित चार लोगों के साथ करीब 11 लाख की ठगी हुई है। गोयला कलां के निवासी एक युवक पर आरोप है। आरोपों की सत्यता जांच का विषय है। सिटी थाना पुलिस ने केस दर्ज कर छानबीन शुरू कर दी है।

आर्य नगर के निवासी विक्रांत ने कहा है कि वह झाड़ोदा स्थित एक स्कूल में शिक्षक है। वह गोयला कलां निवासी अभिषेक को बीते करीब छह-सात साल से जानता है। पिछले साल नवंबर में अभिषेक ने हमें एचएसवीपी सेक्टर-11 में स्कीम के तहत कम रुपयों में प्लॉट व मकान दिलाने की बात कही। साथ ही मुझे रेवेन्यू रिकॉर्ड डिपार्टमेंट तथा मेरी पत्नी को मिनिस्ट्री ऑफ लॉ एंड जस्टिस विभाग में नौकरी दिलाने के बारे में बताया। इस संबंध में मैंने अपने साले दिनेश व पड़ोसन निर्मला से बात की। उन दोनों को भी अभिषेक ने सेक्टर 11 में प्लॉट दिलाने वाली बात दोहराई। हम सब उस पर विश्वास कर बैठे और पैसे दे दिए।

### आरोपी ने चार लोगों के साथ की ठगी

आरोपी ने मुझे व पत्नी को सरकारी नौकरी लगवाने व स्कीम के तहत मकान दिलाने के नाम पर कुल तीन लाख 3500 रुपये ले लिए। जबकि मेरे साले से एक लाख 20 हजार तथा निर्मला से प्लाट की एवज में छह लाख 80 हजार 600 रुपये लिए। इसी बीच दिसंबर में उसने व्हाट्सएप के जरिये मुझे व पत्नी को सरकारी नौकरी के ज्वाइनिंग लेटर की प्रति भेजी। लेकिन कार्रवाई आगे नहीं बढ़ी। काफी समय बाद भी जब प्लॉट, मकान या नौकरी नहीं मिली तो शक हुआ। आरोपी ने हम से तकरीबन 11 लाख रुपये की ठगी की है। उसके खिलाफ कार्रवाई की जाए।

---

## प्रिया कॉलोनी में कार में लगी आग

हरिभूमि न्यूज ▶▶ झज्जर

शहर की प्रिया कॉलोनी में संदिग्ध परिस्थितियों में घर के सामने खड़ी एक कार में आग लग गई। कार मालिक प्रवीण को जब पता चला तो उसने आग बुझाने का प्रयास किया और मामले की सूचना पुलिस व फायर ब्रिगेड को दी। लेकिन देर रात हुई घटना में जब तक आग पर काबू पाया गया तब तक गाड़ी बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो चुकी थी। कॉलोनीवासियों ने आशंका जताई है कि यह काम नशेड़ी प्रवृत्ति वाले लोगों का है। हालांकि पुलिस द्वारा मामले की जांच की जा रही है।



झज्जर। घर के बाहर खड़ी क्षतिग्रस्त कार।

---

## बच्चा तस्करी मामले में पकड़े आरोपी दस दिन के रिमांड पर

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बहादुरगढ़

- आरोपियों की निशानदेही पर पंजाब में दबिश दे रही पुलिस, एक महिला सहित तीन आरोपियों को तीन दिन के बच्चे के साथ किया था गिरफ्तार

शिशु तस्करी के मामले में पकड़े गए आरोपी दस दिन के रिमांड पर लिए गए हैं। इन आरोपियों की निशानदेही पर पुलिस ने पंजाब सहित अन्य ठिकानों पर दबिश देनी शुरू कर दी है। गिरोह की जड़ों तक पहुंचने के लिए बहादुरगढ़ पुलिस की कई टीमें भागदौड़ कर रही हैं। गिरोह के सरगना की गिरफ्तारी के बाद मामले में अभी बहुत सी परतें खुलकर सामने आएंगी।

दरअसल, स्थानीय पुलिस ने मंगलवार रात को अंतरराज्यीय शिशु तस्कर गिरोह के तीन सदस्य यहां सेक्टर-9 मोड़ के पास से काबू किए थे, जिनमें एक महिला भी शामिल है। ये महज तीन दिन के बच्चे को दिल्ली बेचने जा रहे थे। तीनों आरोपी अदालत से दस दिन के रिमांड पर लिए गए हैं। प्रारंभिक तौर पर सामने आया है कि आरोपी पंजाब के एक दंपति से बच्चा खरीदकर लाए थे और दिल्ली बेचने जा रहे थे। हालांकि इसकी सच्चाई जांच के बाद ही स्पष्ट हो सकेगी। महज 3 दिन के बच्चे को तस्करी कर बेचने जाना मानवता को शर्मसार करने वाला है। रुपयों के लालच में मासूमों का सौदा हो रहा है। न केवल खरीद फरोख्त बल्कि गिरोह द्वारा बच्चे चोरी की आशंकाओं से भी इंकार नहीं किया जा सकता। फिलहाल बच्चे बेचने के पांच मामले तो सामने आए हैं, हो सकता है कि जांच में यह आंकड़ा और बढ़ जाए। फिलहाल पुलिस की टीमें सरगना सहित पूरे गिरोह पर शिकंजा कसने के लिए पंजाब के ठिकानों पर दबिश दे रही है। बच्चों को बेचने और खरीदने वाले दंपतियों को भी पुलिस शिकंजे में लेगी। सिटी थाना प्रभारी जमील अहमद का कहना है कि मामले में जांच जारी है। टीमें रेड करने गई हैं।

---

**खेल**

**35 सरकारी और 51 नर्सरी ग्राम पंचायत व निजी संस्थानों को आवंटित, कोच के अवकाश से लौटने पर एक और होगी चालू**

# 86 खेल नर्सरियों में निखरेगी खिलाड़ियों की प्रतिभा, प्रशिक्षण शुरू

हरिभूमि न्यूज ▶▶ झज्जर

खेल विभाग द्वारा शैक्षणिक सत्र 2026-27 के लिए जिले में 86 खेल नर्सरियां अलॉट की गई हैं। सरकार द्वारा शुरू की गई इन खेल नर्सरियों से खिलाड़ियों व खेल प्रेमियों में खुशी की लहर है। जिला खेल अधिकारी सतेंद्र कुमार ने बताया कि जिले में कुल 36 सरकारी कोच नियुक्त किए गए हैं। इनमें से जूनियर बैडमिंटन से संबंधित एक कोच अवैतनिक अवकाश पर चल रहे हैं, जिस कारण 35 सरकारी खेल नर्सरियां शुरू हो चुकी हैं। आवंटित सरकारी खेल नर्सरियों में स्थानीय क्रिकेट स्टेडियम में क्रिकेट, बहादुरगढ़ के डॉक्टर भीमराव आंबेडकर स्टेडियम में जूड़ो, जूनियर जूड़ो व जिम्नास्टिक,



झज्जर। राजीव गांधी खेल स्टेडियम तलाव में अभ्यास के दौरान उपस्थित खिलाड़ी एवं कोच पवन कुमार।

स्थानीय महर्षि दयानंद सरस्वती खेल स्टेडियम में बॉक्सिंग, जूनियर बैडमिंटन व हॉकी, राजीव गांधी खेल स्टेडियम अकेहड़ी मदनपुर में कुश्ती, राजीव गांधी खेल स्टेडियम तलाव में एथलेटिक्स, बहादुरगढ़ के ब्रिगेडियर होशियार सिंह स्टेडियम में कुश्ती, राजीव गांधी खेल स्टेडियम पलड़ा में साइक्लिंग की नर्सरी शुरू हुई है।

### डीघल में वॉलीबॉल, शेरिया में तीरंदाजी की नर्सरी

राजीव गांधी खेल स्टेडियम छारा में बॉस्केटबॉल, राजकीय कन्या वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय डीघल में वालीबॉल, मिनी स्टेडियम भंभेवा में फुटबॉल, राजीव गांधी खेल स्टेडियम सिलानी व बुपनिया में कुश्ती, बरहाना में हैंडबॉल, डीघल में वुशु, राजीव गांधी खेल स्टेडियम सफीपुर में खो-खो, राजीव गांधी खेल स्टेडियम शेरिया में जूनियर तीरंदाजी, खेल स्टेडियम बामनौली में हॉकी व वेट लिफ्टिंग, राजीव गांधी खेल स्टेडियम साल्हावास में कबड्डी, बराही में जूडो, राजीव गांधी खेल स्टेडियम खेड़का गुर्जर में स्वीमिंग, एमसी स्टेडियम बेरी में नेटबॉल व बॉक्सिंग, जसौर खेड़ी में जूनियर फुटबॉल व कबड्डी, आसौदा टोडरान में जूनियर ताइक्वांडो, राजीव गांधी खेल स्टेडियम साल्हावास में कैनोइंग, राजीव गांधी खेल स्टेडियम मातनहेल में जूनियर शूटिंग, मिनी स्टेडियम लोवा खुर्द में जूनियर फुटबॉल, मिनी स्टेडियमम लडरावन में जूनियर रेसलिंग व राजीव गांधी खेल स्टेडियम खेड़का गुर्जर में जूनियर फुटबॉल नर्सरी शुरू की गई है। जिला खेल अधिकारी ने बताया कि इसके अलावा प्राइवेट तौर पर आवंटित की गई नर्सरियों के संदर्भ में संचालकों को शुक्रवार तक सरकार की हिदायतों के अनुसार सभी औपचारिकताएं पूर्ण कर संचालित करने संबंधी निर्देश भी दिए जा चुके हैं।

### निजी संस्थानों व ग्राम पंचायतों को आवंटित नर्सरियां

पीएमश्री राजकीय स्कूल दुजाना में तीरंदाजी, ग्राम पंचायत भिंडावास, पीएमश्री राजकीय स्कूल लडायन, ग्राम पंचायत सांखौल, राजीव गांधी स्टेडियम, राजकीय स्कूल तुंबाहेड़ी, कानौंदा, बामनौली, ग्राम पंचायत लडायन, साल्हावास, राजकीय मिडिल स्कूल सराय औरंगाबाद व ग्राम पंचायत चिमनी को एथलेटिक्स, ग्राम पंचायत झामरी, राजकीय स्कूल छारा, राजीव गांधी खेल स्टेडियम डीघल में बास्केटबॉल की नर्सरी आवंटित की गई है। इसी प्रकार राजकीय स्कूल कुलासी में क्रिकेट, दुल्हेड़ा, जहांगीरपुर, लोवा खुर्द, राजकीय स्कूल, राजकीय स्कूल बुपनिया, फुटबॉल मैदान मेहंदीपुर, राजकीय स्कूल दरियापुर व ग्राम पंचायत नूना माजरा में फुटबॉल, ग्राम पंचायत डीघल में हैंडबॉल, नीलोठी, सौलधा, बुपनिया, हसनपुर, गंगड़वा, खौरड़ा व व्यायामशाला सराय औरंगाबाद में कबड्डी, जीडी गोयंका स्कूल में कराटे, ग्राम पंचायत बिरोहड़ व बिरोहड़ में खो-खो, डीएपी पब्लिक स्कूल में लॉन टेनिस, राजकीय स्कूल में राजकीय स्कूल मदाना कलां में नेटबॉल, ग्राम पंचायत चांदौल में शॉफ्टबॉल, बाल भारती स्कूल में टेबल टेनिस, राजकीय स्कूल अंबोली में वालीबॉल, खेड़का गुर्जर, खुड्डन, छारा, रईया व ग्राम पंचायत अहरी में कुश्ती, पीएमश्री स्कूल दुजाना में वुशू तथा राजकीय स्कूल सांखौल में योगा की नर्सरी आंवटित हुई हैं।

## खबर संक्षेप



झज्जर। बैठक के दौरान भाग लेते हुए अधिकारी। फोटो : हरिभूमि

### प्राचीन पांडुलिपियों की पहचान कर की जाएंगी संरक्षित : डीसी

**झज्जर।** जिला में ज्ञान भारतम मिशन के अंतर्गत राष्ट्रीय पांडुलिपि सर्वे को प्रभावी रूप से लागू करने के लिए जिला प्रशासन ने तैयारियां तेज कर दी हैं। इस मिशन के तहत प्राचीन पांडुलिपियों के संरक्षण, दस्तावेजीकरण और राज्यभर में एक व्यापक डाटाबेस तैयार करने की दिशा में कार्य किया जाएगा। डीसी स्वप्निल रविन्द्र पाटिल ने वीरवार को वीसी उपरांत अधिकारियों को निर्देश दिए कि सर्वे कार्य को निर्धारित समयावधि में पूरा करने के लिए ठोस कार्य योजना बनाई जाए और सभी संबंधित संस्थानों की पहचान सुनिश्चित की जाए। उन्होंने कहा कि जिला स्तर पर सर्वे कार्य को गंभीरता से लेते हुए पुस्तकालयों, शैक्षणिक संस्थानों, धार्मिक स्थलों तथा निजी संग्रहों में मौजूद पांडुलिपियों की पहचान की जाए। उन्होंने फील्ड सर्वे, भौतिक सत्यापन और जियो-टैगिंग कार्य को निर्धारित मानकों के अनुरूप समयबद्ध तरीके से पूरा करने के निर्देश दिए।

*जिले की अनाजमंडियों में शुरू हुई गेहूं खरीद प्रक्रिया*

# मंडी में पहुंचा 18500 क्विंटल गेहूं 281 किसानों के काटे गेट पास

हरिभूमि न्यूज ▶▶ झज्जर

जिले की अनाजमंडियों में शुरू हुई गेहूं खरीद प्रक्रिया में वीरवार को करीब दस हजार क्विंटल गेहूं की आवक दर्ज की गई। अनाजमंडी सुपरवाइजर रणदीप सिंह ने बताया कि मंडियों में सुबह छह बजे से रात आठ बजे तक किसानों के गेट पास काटे जा रहे हैं। शाम करीब पांच बजे तक हुई कुल आवक में अभी तक जहां 281 किसानों के गेट पास काटे जा चुके हैं। वहीं 18500 क्विंटल गेहूं की आवक हो चुकी है। यह प्रक्रिया रात आठ बजे तक जारी रहेगी। अनाज मंडी में किसानों को किसी परेशानी का सामना न करना पड़े इसके लिए स्थानीय अनाज मंडी के तीन गेटों पर काउंटर स्थापित किए गए हैं। कर्मचारियों द्वारा फसल लेकर पहुंचने वाले किसानों के ट्रैक्टर नंबर व मेरी फसल मेरा ब्योरा पोर्टल पर वेरिफिकेशन के उपरांत उनके गेट पास काटे जा रहे हैं। इस संबंध में एसडीएम व मार्केट सचिव द्वारा मंडी परिसर का निरीक्षण कर कर्मचारियों को व्यवस्था सुचारू किए जाने बारे आवश्यक दिशा-निर्देश भी दिए गए।

आढ़तियों द्वारा भी फसलों में नमी की मात्रा की जांच कर उन्हें पैक कराया जा रहा है।



झज्जर। फसल में नमी की जांच करते हुए आढ़ती। फोटो : हरिभूमि



झज्जर। अनाज मंडी में खरीद व्यवस्थाओं का जायजा लेते हुए राज्य मंत्री राजेश नागर। फोटो : हरिभूमि



झज्जर। अनाजमंडी परिसर पहुंची गेहूं की फसल। फोटो : हरिभूमि

#### किसानों को आ रही समस्याओं का किया जा रहा समाधान

मार्केट कमेटी सचिव रामनिवास ने बताया कि सरकार द्वारा निर्धारित नए नियमों के कारण पोर्टल पर किसानों को कुछ समस्याएं आ रही हैं। लेकिन उनकी तरफ से त्वरित कार्रवाई करते हुए किसानों की समस्याओं का समाधान किया जा रहा है। इसके लिए पर्याप्त संसाधनों की व्यवस्था की है। किसानों के कटने वाले गेट पास संबंधित आढ़ती के पास पहुंचा दिए जाते हैं ताकि उन्हें व किसानों को किसी प्रकार की परेशानी न हो। उनका प्रयास रहेगा कि खरीद के बाद यथाशीघ्र फसल का उठान किया जाए ताकि किसानों का पैसा उनके खातों में पहुंच सकें।

### राज्यमंत्री ने किया अनाज मंडियों का दौरा खरीद व्यवस्थाओं का लिया जायजा

**झज्जर।** वीरवार को हरियाणा के खाद्य, नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता मामले राज्य मंत्री राजेश नागर ने जिले की झज्जर व आसौदा अनाज मंडी एवं खरीद केंद्र का दौरा कर रबी फसलों की खरीद व्यवस्थाओं का जायजा लेते हुए संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। उन्होंने मंडियों में किसानों व आढ़तियों से संवाद कर उनकी समस्याएं सुनीं और उन्हें आश्वस्त किया कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी व प्रदेश में मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी के नेतृत्व में सरकार किसानों के हितों की रक्षा के लिए पूरी तरह सजग है। उन्होंने कहा कि किसी भी किसान को अपनी फसल बेचते समय किसी प्रकार की परेशानी नहीं होनी चाहिए। उन्होंने कहा कि सरकार का लक्ष्य है कि किसानों की फसल का एक-एक दाना समय पर और उचित मूल्य पर खरीदा जाए तथा पूरी प्रक्रिया को पारदर्शी, प्रभावी और किसान हितैषी बनाया जाए। इसके लिए संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए गए हैं कि वे मंडियों में लगातार मौजूद रहकर सभी व्यवस्थाओं की निगरानी करें।

## खबर संक्षेप



### सरकारी स्कूलों में विद्यार्थियों की संख्या बढ़ाने के निर्देश

**झज्जर।** आगामी शैक्षणिक सत्र की तैयारियों को लेकर खंड मातनहेल और खंड साल्हावास के सभी विद्यालय मुखियाओं एवं मेंटर्स की बैठक जिला शिक्षा अधिकारी रितेंद्र सिंह तथा जिला मौलिक शिक्षा अधिकारी राजबाला मलिक की अध्यक्षता में आयोजित की गई। बैठक में जिला मौलिक शिक्षा अधिकारी, जिला परियोजना समन्वयक, दोनों खंडों के खंड शिक्षा अधिकारी तथा जिला एफएलएन समन्वयक भी उपस्थित रहे। एफएलएन जिला समन्वयक सुदर्शन पूनिया ने पिछले कुछ वर्षों के नामांकन से संबंधित आंकड़े प्रस्तुत किए। किन-किन कक्षाओं में पूरे जिले में छात्र संख्या में वृद्धि हुई है तथा किन कक्षाओं में कमी दर्ज की गई है। साथ ही दोनों खंडों के विद्यालयवार और कक्षावार आंकड़े भी साझा किए गए। जिला परियोजना समन्वयक अनिल शर्मा ने विद्यालय मुखियाओं से विद्यालयों को मिलने वाली विभिन्न ग्रांट्स का समय पर और उचित उपयोग करने का आग्रह किया। ताकि विद्यालयों में बेहतर सुविधाएं उपलब्ध कराई जा सकें और नामांकन में बढ़ोतरी हो सके।

### सत्र खत्म होने से पहले स्कूल में लिखित आवेदन कर ले सकते हैं एसएलसी : बीईओ

**बहादुरगढ़।** अपने बच्चों के दाखिले, स्कूल लीविंग सर्टिफिकेट को लेकर अक्सर अभिभावकों के सामने परेशानी खड़ी हो जाती है। इसे ध्यान में रखते हुए खंड शिक्षा अधिकारी ने सभी विद्यालयों के लिए अहम दिशा-निर्देश जारी किए हैं। इन निर्देशों का उद्देश्य एसएलसी, दाखिला प्रक्रिया और मनमानी पर रोक लगाना है, ताकि अभिभावकों को राहत मिल सके। निर्देशों के अनुसार, यदि कोई अभिभावक अपने बच्चे का स्कूल लीविंग सर्टिफिकेट लेना चाहता है तो उसे शैक्षणिक सत्र समाप्त होने से पहले ही संबंधित विद्यालय में लिखित आवेदन देना होगा और उसकी पावती लेना अनिवार्य होगा। साथ ही विद्यालय मुखियाओं को निर्देश दिए गए हैं कि वे अभिभावकों को पहले से ही इस प्रक्रिया की जानकारी दें, ताकि अंतिम समय में किसी तरह की दिक्कत न हो। शिक्षा विभाग ने स्पष्ट किया है कि सभी स्कूल अपनी मान्यता के अनुसार ही विद्यार्थियों का दाखिला लें। इसके अलावा संबंधित बोर्ड की शिक्षण सामग्री का उपयोग करना होगा, ताकि पढ़ाई में एकरूपता बनी रहे। खंड शिक्षा अधिकारी शेर सिंह ने कहा कि इन निर्देशों का सख्ती से पालन सुनिश्चित किया जाएगा, जिससे शिक्षा व्यवस्था में पारदर्शिता आए और अभिभावकों व विद्यार्थियों को अनावश्यक परेशानी से राहत मिले।



### छात्राओं को दिया अग्निशामक यंत्र का व्यावहारिक प्रशिक्षण

**झज्जर।** महाराजा अग्रसेन महिला महाविद्यालय में वीरवार को गैर-शैक्षणिक कर्मचारियों के लिए अग्नि सुरक्षा संबंधी मॉक ड्रिल का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य कर्मचारियों को आग लगने की स्थिति में सतर्कता, सुरक्षा उपायों एवं त्वरित प्रतिक्रिया के प्रति जागरूक करना रहा। प्राध्यापिका मानसी ने बताया कि कार्यक्रम में उपस्थित अग्निशमन विभाग के टीम ने संस्थान कर्मचारियों को आग लगने के संभावित कारणों, उससे बचाव के उपायों तथा आपातकालीन स्थिति में अपनाई जाने वाली सावधानियों की विस्तृत जानकारी दी। मॉक ड्रिल के दौरान कर्मचारियों को अग्निशामक यंत्र के प्रयोग का व्यावहारिक प्रशिक्षण भी प्रदान किया गया।



झज्जर। हवन में आहुति डालते हुए शिक्षक एवं विद्यार्थी। फोटो : हरिभूमि

### हवन में आहुति डालकर की सुख-समृद्धि की कामना

**झज्जर।** एलए सीनियर सेकेंडरी स्कूल में हनुमान जन्मोत्सव व नए सत्र के उपलक्ष्य में हवन कार्यक्रम का आयोजन किया गया। स्कूल संचालक जगपाल गुलिया, जयदेव दहिया, अनीता गुलिया व नीलम दहिया, स्कूल मैनेजर केएम डागर व प्राचार्या निधि कादियान ने विद्यार्थियों व शिक्षकों के साथ मिलकर हवन में आहुति डाली। इस दौरान भगवान हनुमान जी से बल, बुद्धि प्राप्ति व सुख-समृद्धि की कामना की गई। इस मौके पर एचओडी रविंद्र लोहचब, पिंकी अहलावत व पुष्पा यादव, सपना अहलावत सहित अन्य भी उपस्थित रहे।



### डीसी ने डिजिटल मोड में होने वाली जनगणना को लेकर दिए निर्देश

**झज्जर।** जनगणना देश की सबसे महत्वपूर्ण प्रशासनिक प्रक्रिया है, जिसके आधार पर विकास योजनाओं का निर्माण और संसाधनों का उचित वितरण सुनिश्चित किया जाता है। इस बार जनगणना डिजिटल माध्यम से की जाएगी, इसलिए सभी अधिकारियों को तकनीकी पहलुओं की जानकारी होना अत्यंत आवश्यक है। यह निर्देश डीसी स्वप्निल रविंद्र पाटिल ने अधिकारियों की बैठक में तैयारियों की समीक्षा करते हुए दिए। उन्होंने कहा कि जनगणना-2027 को डिजिटल मोड में सफलतापूर्वक संपन्न कराने के उद्देश्य से सभी तैयारियां समय से पहले पूरी कर ली जाएं। उन्होंने कहा कि तहसीलदार व नगर निकायों के अधिकारी अपने-अपने क्षेत्र में जनगणना कार्य से जुड़े कार्यों को पूरा करने और यह सुनिश्चित करें कि प्रत्येक अधिकारी व कर्मचारी डिजिटल एप्लिकेशन तथा निर्धारित प्रक्रिया से भली-भांति परिचित हो।

## राज्य मंत्री ने किए माता भीमेश्वरी देवी के दर्शन



झज्जर। माता भीमेश्वरी देवी की पूजा अर्चना करते हुए राज्यमंत्री राजेश नागर।

**झज्जर।** महाभारत कालीन कस्बा बेरी में वीरवार को खाद्य, नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता मामले राज्य मंत्री राजेश नागर ने माता भीमेश्वरी देवी के दर्शन किये। उन्होंने मां भीमेश्वरी देवी के दर्शन करते हुए विधिवत रूप से पूजा अर्चना की। इस दौरान देवी मंदिर के प्रमुख पुजारी पंडित कुलदीप वशिष्ठ ने राज्य मंत्री को माता भीमेश्वरी देवी के दोनों मंदिरों से जुड़े इतिहास की विस्तार से जानकारी दी। मंदिर से जड़ी परंपरा जानने के बाद उन्होंने कहा कि आज विश्व प्रसिद्ध माता भीमेश्वरी देवी मंदिर आकर सुखद महसूस हो रहा है। उन्होंने कहा कि जगत माता का आशीर्वाद सभी पर बना रहे,ऐसी माता से प्रार्थना करते हैं। बेरी का इतिहास काफी पुराना है। एक साथ देवी माता के दो मंदिर होना अपने आप में एक इतिहास है। इन मंदिरों में महर्षि दुर्वासा के समय की पूजा पद्धति का आज भी अनुसरण हो रहा है, यह सराहनीय है।

## पूर्णिमा महोत्सव में श्रद्धालुओं से किया सिंधु महाकुंभ यात्रा में भाग लेने का आह्वान



झज्जर। कार्यक्रम में मुख्यातिथि को स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित करते हुए महंत राजेंद्र दास। फोटो : हरिभूमि

#### राम नाम का स्मरण ही जीवन को बनाता है सार्थक

*महंत राजेंद्र दास महाराज ने कहा कि हरि बिन मन मैला है, इसलिए राम नाम का स्मरण ही जीवन को सार्थक बनाता है। सिंधु महाकुंभ यात्रा में भाग लेकर व्यक्ति मोक्ष का भागी बन सकता है। साथ ही उन्होंने मां, मातृभूमि और मातृभाषा के सम्मान एवं संरक्षण पर जोर देते हुए संघ के पंच परिवर्तन सिद्धांतों को अपनाने का आह्वान किया। हिमालय परिवार के प्रांत महामंत्री सतप्रकाश गौतम ने बताया कि सिंध महाकुंभ यात्रा की कुल फीस 30 हजार रुपये है, जिसमें प्रदेश सरकार द्वारा 20 हजार रुपये की सब्सिडी दी जा रही है। इस दौरान व्यापार कल्याण बोर्ड के पूर्व अध्यक्ष गोपाल शरण गर्ग, प्रोफेसर यशवीर सिंह, डॉक्टर मनमोहन शर्मा, डॉक्टर अजय, आरएसएस के प्रांत सह प्रचार प्रमुख डॉक्टर लक्ष्मी नारायण कौशिक, पूर्व चेयरमैन गोबिंद भारद्वाज, एससी आयोग के उपाध्यक्ष विजेंद्र बडगुज्जर, रमा बल्हारा, डिप्टी रजिस्ट्रार बलजीत शर्मा, सचिन जैन, संजय, ऋषि, सरपंच रविंद्र सहित अन्य भी उपस्थित रहे।*

हरिभूमि न्यूज ▶▶ झज्जर

क्षेत्र के गांव माजरा स्थित स्वामी नितानंद महाराज की तपोभूमि जटेला धाम आश्रम में वीरवार को पूर्णिमा महोत्सव का आयोजन किया गया। पीठाधीश्वर महंत राजेंद्र दास महाराज के सानिध्य में आयोजित इस महोत्सव में सैंकड़ों श्रद्धालुओं ने भाग लिया। कार्यक्रम में राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के वरिष्ठ प्रचारक एवं राष्ट्रीय कार्यकारिणी सदस्य डॉक्टर इंद्रेश कुमार ने बतौर मुख्यातिथि शिरकत की। उन्होंने आश्रम पहुंचकर स्वामी नितानंद महाराज की समाधि पर मत्था टेक आशीर्वाद प्राप्त किया। अपने संबोधन में उन्होंने कहा कि भाई-बहन का रिश्ता पवित्र ईश्वरीय बंधन है। जटेला धाम जैसी तपोभूमि समाज में सद्भाव और सकारात्मकता का संदेश देती है। हमें गुस्सा, गाली और नफरत का त्याग कर आपसी प्रेम, देश सेवा और एकता की भावना को अपनाना चाहिए। उन्होंने 18 से 30 जून तक आयोजित होने वाली प्रथम सिंधु महाकुंभ यात्रा में अधिक से अधिक लोगों से सहभागिता करने का आह्वान किया।

### शैक्षणिक भ्रमण पर दिल्ली गईं छात्राएं

**बहादुरगढ़।** वैश्य आर्य शिक्षण महिला महाविद्यालय की छात्राएं शैक्षणिक भ्रमण पर दिल्ली गई। उन्होंने कई प्रमुख ऐतिहासिक एवं दर्शनीय स्थलों का अवलोकन किया। प्राचार्या डॉ. आशा शर्मा ने बताया कि छात्राओं ने प्रधानमंत्री संग्रहालय में प्रधानमंत्रियों के जीवन, उनके कार्यों तथा देश के विकास में उनके महत्वपूर्ण योगदान के बारे में विस्तृत जानकारी प्राप्त की। इसके अतिरिक्त छात्राओं ने इंडिया गेट, सेक्रेड हार्ट कैथेड्रल चर्च, गुरुद्वारा बंगला साहिब तथा जंतर-मंतर जैसे महत्वपूर्ण स्थलों का भी भ्रमण किया।

### कई प्रमुख ऐतिहासिक एवं दर्शनीय स्थलों का अवलोकन किया



बहादुरगढ़। इंडिया गेट पर छात्राओं के साथ प्रिंसिपल व अन्य। फोटो : हरिभूमि

### एडीसी ने सुनीं लोगों की समस्याएं

**झज्जर।** वीरवार को आयोजित जिला स्तरीय समाधान शिविर में एडीसी जगनिवास ने लोगों की समस्याओं को सुना और संबंधित विभागीय अधिकारियों को समस्याओं के जल्द समाधान करने के निर्देश दिए। समाधान शिविरों का मुख्य उद्देश्य यही है कि आमजन की समस्याओं का समाधान उनके घर द्वार के नजदीक हो सके। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश देते हुए कहा कि वे समाधान शिविरों की शिकायतों का निपटारा करते समय संबंधित नागरिक से संवाद करें। इस अवसर पर डीएफओ साहिती रेड्डी, सीटीएम रीतू बंसीवाल, एसीपी सुरेंद्र कंबोज, डीडीपीओ निशा तंवर, एक्सईन जन स्वास्थ्य विभाग अश्वनी सांगवान सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे।



झज्जर। समाधान शिविर में लोगों की समस्याएं सुनते हुए एडीसी जगनिवास।

**पीएम श्री राजकीय कन्या सीनियर सेकेंडरी स्कूल में आयोजित हुआ कार्यक्रम**

# विधायक ने मेधावी छात्राओं को किया सम्मानित

- विधायक के समक्ष विद्यालय में बेंच व अन्य आवश्यक सुविधाओं की मांग रखी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बहादुरगढ़

शहर के पीएमश्री गवर्नमेंट गर्ल्स सीनियर सेकेंडरी स्कूल में आयोजित वार्षिक एवं प्रवेश उत्सव कार्यक्रम में विधायक राजेश जून ने मुख्य अतिथि के रूप में छात्राओं का उत्साहवर्धन किया। साथ ही उत्कृष्ट अंक प्राप्त करने वाली छात्राओं को पुरस्कार देकर सम्मानित किया। कार्यक्रम के दौरान विधायक राजेश जून ने कक्षा उत्तीर्ण कर अगली कक्षा में पहुंची छात्राओं को उज्जवल भविष्य का आशीर्वाद देते हुए कहा कि जीवन में एक स्पष्ट लक्ष्य निर्धारित कर निरंतर मेहनत और अभ्यास करते रहने से सफलता अवश्य मिलती है। उन्होंने छात्राओं को प्रेरित करते हुए कहा कि शिक्षा ही वह माध्यम है, जो उन्हें आत्मनिर्भर और सशक्त बनाएगी। इसलिए हर छात्रा को अपने सपनों को साकार करने के लिए पूरी लगन के साथ प्रयास करना चाहिए। प्राचार्य प्रवीन कुमारी ने विधायक के समक्ष विद्यालय में बेंच व अन्य आवश्यक सुविधाओं की मांग रखी। राजेश जून ने आश्वासन दिया कि सभी मांगों को जल्द से जल्द पूरा करने का प्रयास किया जाएगा, ताकि छात्राओं को बेहतर शैक्षणिक वातावरण मिल सके। इस दौरान तबेला पाठशाला से 32 व मेन बाजार पाठशाला से 47 छात्राओं ने प्रवेश प्राप्त किया। कार्यक्रम में खंड शिक्षा अधिकारी शेर सिंह, एपीसी विशाल व धर्मबीर, संदीप आदि मौजूद रहे। मंच संचालन पूजा शर्मा ने किया।



बहादुरगढ़। मेधावी छात्राओं को सम्मानित करते विधायक राजेश जून। फोटो : हरिभूमि

### पदक विजेता बॉक्सरों का किया अभिनंदन

- नेशनल में मेडल लाने पर साइकिल देने की घोषणा की

**बहादुरगढ़।** विभिन्न आयु वर्ग में मेडल जीतने वाले बॉक्सरों का बजरंग बॉक्सिंग एकेडमी में जोरदार अभिनंदन किया गया। खेल प्रेमियों ने फूल मालाएं पहनाकर सम्मान किया। एकेडमी के प्रधान तेजपाल ने खिलाड़ियों को सम्मानित करते हुए स्मार्ट वॉच व बादाम भेंट किए। साथ ही नेशनल में मेडल लाने पर साइकिल देने की घोषणा की। कोच राहुल ने बताया कि अंडर 19 में दीक्षित ने सिलवर, अंडर 17 में यश ने गोल्ड, कोमल ने सिलवर, अंडर 14 में अंश ने गोल्ड, वंदना ने सिलवर व याशी ने ब्रांज मेडल जीते। एलीट नेशनल चैंपियन ध्रुव का भी जोरदार सम्मान किया गया।

### कल होगी नंबरदारों की अहम बैठक

**बहादुरगढ़।** तहसील बहादुरगढ़ के सभी गांवों के नम्बरदारों की एक महत्वपूर्ण बैठक शनिवार 4 अप्रैल को आयोजित की जाएगी। एसोसिएशन के संरक्षक हुक्म सिंह नंबरदार व महासचिव जयभगवान नंबरदार ने बताया कि मेट्रो पिलर नंबर-845 के पास स्थित नंबरदार के कार्यालय में सुबह 10 बजे बैठक होगी। बैठक में क्षेत्र के नम्बरदारों की विभिन्न समस्याओं और मांगों पर विस्तार से विचार-विमर्श किया जाएगा।ही भविष्य की रणनीति और संगठन को मजबूत करने पर भी चर्चा होगी।

**कार्यालय नगर परिषद, बहादुरगढ़**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मोहनलाल मदान, मुकेश मदान, अमित मदान पुत्र उत्तमचंद, मोहनलाल मदान निवासी किला मौहल्ला ऑब्जेक्शन नंबर 0187773323 द्वारा ऑनलाइन एनडीसी पोर्टल प्रॉपर्टी आईडी नंबर-3BUU85L4 वार्ड नंबर-15 कॉलोनी किला मोहल्ला, जो कि नगर परिषद बहादुरगढ़ प्रॉपर्टी टैक्स रिकार्ड में रेमल देवी के नाम दर्ज है। रेमल देवी की मृत्यु उपरांत अब नगर परिषद बहादुरगढ़ के रिकार्ड में उक्त आईडी नंबर पर प्रार्थी के द्वारा वसीयत/वारसान प्रमाण पत्र के आधार पर अपना नाम तबदील करवाना चाहते हैं, जिसकी वसीयत/वारसान प्रमाण पत्र तहसीलदार बहादुरगढ़ द्वारा तसदीक नहीं की गई है। अतः आम व खास को इस नोटिस के माध्यम से सूचित किया जाता है कि उक्त संपति नंबर-3BUU85L4 वार्ड नंबर-15 कॉलोनी किला मोहल्ला पर यदि कोई अन्य हकदार है या उक्त संपति पर किसी को आपत्ति है तो वह सबूतों सहित इस नोटिस के प्रकाशन के 30 दिन के अंदर अंदर नगर परिषद बहादुरगढ़ कार्यालय में आकर अपना दावा पेश करें। अन्यथा इस नोटिस का समय समाप्त होने पर यह संपति नंबर-3BUU85L4/180 वर्ग गज प्रार्थी मोहनलाल मदान, मुकेश मदान, अमित मदान पुत्र उत्तमचंद, मोहनलाल मदान के नाम से नगर परिषद बहादुरगढ़ के रिकार्ड में दर्ज कर दी जाएगी। जिसमें नगर परिषद बहादुरगढ़ की कोई जिम्मेवारी नहीं होगी।

हस्ता/-कार्यकारी अधिकारी,
नगर परिषद बहादुरगढ़।

## खबर संक्षेप


बहादुरगढ़। भापड़ोदा में लगे कैंप में रक्तदान करते लोग। फोटो: हरिभूमि

### भापड़ोदा गांव में 65 लोगों ने किया रक्तदान

**बहादुरगढ़।** गांव भापड़ोदा में न्यू होप मिशन सोसाइटी द्वारा वीरवार को रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में 65 लोगों ने रक्तदान किया। शिविर में मास्टर धर्मवीर गौतम और मोहित राठी मुख्य रूप से मौजूद रहे।

मास्टर धर्मवीर गौतम ने लोगों को रक्तदान का महत्व समझाते हुए रक्तदान के लिए प्रेरित किया। कार्यक्रम की अध्यक्षता न्यू होप मिशन सोसायटी की तरफ से आशीष राठी और प्रशांत गौतम ने की। आयोजन में प्रमोद राठी, राहुल राठी, प्रवीन कौशिक, राकेश हवलदार, सोमबीर आदि ने अहम भूमिका निभाई।

### योगा नर्सरी के लिए ट्रायल आज

**बहादुरगढ़।** योगा स्पोर्ट्स नर्सरी के लिए शुक्रवार तीन अप्रैल को ट्रायल का आयोजन होगा। यह ट्रायल प्रक्रिया सांखोल के राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय में होगी। इस बारे में जानकारी देते हुए कोच सीमा दलाल ने बताया कि ट्रायल की तैयारियां पूरी कर ली गई हैं। सुबह 9 से 12 बजे तक ट्रायल लिया जाएगा।

### विद्यार्थियों को सिखाए योग के गुर

**बहादुरगढ़।** गांव छारा में स्थित राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान में वीरवार को योगाचार्य जगदीश कुमार सहवाग द्वारा निःशुल्क योग-प्राणायाम शिविर का आयोजन किया गया। यह कार्यक्रम प्राचार्य दर्शन कुमार बल्हारा की अनुमति से जीआई भोला राम की अध्यक्षता में हुआ। शिक्षक देवेंद्र कुमार मोर व नीरज कुमार भी उपस्थित रहे। योगाचार्य जगदीश कुमार सहवाग ने विद्यार्थियों को योग की जानकारी दी।

विभिन्न स्थानों पर लगे भंडारों में श्रद्धालुओं ने किया प्रसाद ग्रहण

# धूमधाम से मना हनुमान जन्मोत्सव शहर में निकाली गई शोभायात्रा

मंदिरों में विशेष पूजा-अर्चना और यज्ञ का आयोजन किया गया। जिसमें श्रद्धालुओं ने भाग लेते हुए सुख समृद्धि की कामना की

हरिभूमि न्यूज ▶▶ झज्जर

वीरवार को जिले भर में हनुमान जन्मोत्सव धूमधाम से मनाया गया। मंदिरों में विशेष पूजा अर्चना और यज्ञ का आयोजन किया गया। जिसमें श्रद्धालुओं ने भाग लेते हुए अपने परिजनों के सुख समृद्धि की कामना की। शहर के मेन बाजार स्थित बाबा हनुमान मंदिर में यज्ञ किया गया और दोपहर बाद भंडारे का आयोजन किया गया। जिसमें सैकड़ों की संख्या में श्रद्धालुओं ने प्रसाद ग्रहण किया। इसके अलावा ऑफिसर कॉलोनी स्थित हनुमान मंदिर, नए बस स्टैंड परिसर, पुराना बस स्टैंड परिसर स्थित हनुमान मंदिर, रेवाड़ी मार्ग स्थित हनुमान मंदिर के अलावा दर्जन भर स्थानों पर भंडारे का आयोजन किया गया। इसके अलावा शहर में मुकुट वाले हनुमान जी की शोभा यात्रा निकाली गई। जिसमें श्रद्धालु प्रभु श्रीराम और हनुमान जी के भजनों पर नाचते हुए दिखाई दिए। धर्मनगरी बेरी में शोभायात्रा निकाली गई और प्रसाद वितरित किया गया। मेन बाजार स्थित हनुमान मंदिर में केक काटकर भी खुशियां मनाई गई।



झज्जर। शहर में निकलती मुकुट वाले हनुमान जी की शोभायात्रा व कस्बा बेरी में निकाली शोभायात्रा में भगवान श्रीराम व लक्ष्मण का स्वरूप धारण किए बालक।


झज्जर। पंजाबी धर्मशाला में आयोजित भंडारे में प्रसाद वितरित करते हुए सेवक। फोटो: हरिभूमि


बहादुरगढ़। हवन में आहुति डालते धर्मवीर वर्मा व अन्य। फोटो: हरिभूमि

### धर्मवीर वर्मा ने किया हवन व भंडारा

**बहादुरगढ़।** भाजपा ओबीसी मोर्चा के जिलाध्यक्ष एवं पूर्व वाइस चेयरमैन धर्मवीर वर्मा ने श्री हनुमान जन्मोत्सव के पावन अवसर पर सेक्टर-6 स्थित निवास पर हवन व विशाल भंडारा आयोजित किया। इसमें असंख्य लोगों ने प्रसाद ग्रहण किया। धर्मवीर वर्मा, कमलेश देवी, परीक्षित वर्मा, परविंद्र कुमार व वीणा वर्मा आदि ने विधि-विधान के साथ हवन में आहुति डालकर सभी के सुख-समृद्धि की कामना की। इस मौके पर हनुमान जी की आरती की गई। महिलाओं द्वारा भजन-कीर्तन कर बाबा की महिमा का गुणगान किया गया। भक्तों ने जय श्रीराम, जय श्री हनुमान के जयकारे लगाएं। धर्मवीर वर्मा ने कहा कि हनुमान जी के जीवन से हमें कर्तव्यनिष्ठा, विनम्रता और समाज के प्रति जिम्मेदारी निभाने की सीख मिलती है।

## बालाजी धाम पर लगाया भंडारा निशान यात्रा में उमड़े भक्त

**दादा सेवक राम चैरिटेबल ट्रस्ट ने हनुमान जयंती पर करवाया भव्य आयोजन**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बहादुरगढ़

हनुमान जयंती के अवसर पर शहर के दिल्ली रोहतक रोड पर श्री बालाजी धाम पर देशी घी के विशाल भंडारे एवं भव्य निशान यात्रा का आयोजन श्रद्धा और उत्साह के साथ संपन्न हुआ। कार्यक्रम में अस्थल बोहर धाम के मठाधीश बाबा बालकनाथ, सांपला धाम के बाबा कालीदास, पूर्व सीएम भूपेंद्र हुड्डा की पत्नी आशा हुड्डा, ओलंपिक चैंपियन योगेश्वर दत्त, रवि दहिया, दीपक पूनिया, विधायक बीबी बत्रा व डीएसपी रमेश गुलिया समेत बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने भाग लेकर भगवान हनुमान के प्रति अपनी आस्था प्रकट की।


बहादुरगढ़। श्रद्धालुओं को संबोधित करते बाबा कालीदास महाराज। फोटो: हरिभूमि

कार्यक्रम का आयोजन दादा सेवक राम चैरिटेबल ट्रस्ट द्वारा किया गया। आयोजक देवेंद्र दलाल ने सभी श्रद्धालुओं का आभार व्यक्त करते हुए बताया कि यहां स्थापित 80 फुट ऊंची हनुमान जी की प्रतिमा को देखने दूर-दूर से श्रद्धालु आते हैं। वीरवार सुबह 9 बजे भंडारे का शुभारंभ हुआ, जिसमें श्रद्धालुओं ने प्रसाद ग्रहण किया। इसके पश्चात सुबह 10 बजे जागरण का आयोजन किया गया, जिसमें भजन-कीर्तन के माध्यम से पूरे वातावरण को भक्तिमय बना दिया गया।

मांडोठी के पुराना शिवालय से श्री बालाजी धाम तक प्रथम भव्य निशान यात्रा निकाली गई। यात्रा में श्रद्धालुओं ने बढ़-चढ़कर भाग लिया और जयकारों के साथ माहौल को भक्तिमय बना दिया।


बहादुरगढ़। ध्वजा यात्रा में शामिल श्रद्धालु। फोटो: हरिभूमि

### हनुमान जयंती पर धूमधाम से निकली ध्वजा यात्रा, शहर में गूंजे बजरंगी के जयकारे

**बहादुरगढ़।** इलाके में हनुमान जन्मोत्सव श्रद्धा व उत्साह के साथ मनाया गया। जटवाड़ा में स्थित तीन शक्ति मंदिर, जनसुधारक सभा में भी भव्य कार्यक्रम हुआ। सुबह हवन से कार्यक्रम की शुरुआत हुई। हवन में आहुति डालकर सुख, शांति व समृद्धि की कामना की गई। इसके बाद पवित्र ध्वजा यात्रा निकाली गई। युवा इनेलो नेता भूपेंद्र नफे सिंह राठी ने भी कार्यक्रम में शिरकत करते हुए पूजा अर्चना की। नगर परिक्रमा के बाद यात्रा मंदिर में आकर संपन्न हुई। इसके बाद भंडारा आरंभ हुआ, जिसमें काफी लोगों ने प्रसाद ग्रहण किया। प्रधान सतपाल सैनी, राजेंद्र सैनी, शिव कुमार वर्मा, आनंद वर्मा, दीपक गुप्ता, सौरभ सैनी, लक्ष्मीनारायण वशिष्ठ, गोविंद राणा, प्रवीण सैनी, प्रदीप गुप्ता, बबली गुप्ता, मदरूप राठी, मोहित वर्मा नवीन व सुरेश रोहिल्ला आदि ने भंडारे के सेवा की।


बहादुरगढ़। हनुमान जी की पूर्जा अर्चना करते भाजपा नेता व अन्य। फोटो: हरिभूमि

### सेक्टर-2 में किया हनुमान जी का अभिषेक

**बहादुरगढ़।** सेक्टर-2 स्थित माता राजेश्वरी मंदिर में महंत श्री 1008 गणेशानंद जी महाराज के सान्निध्य में भाजपा मंडल अध्यक्ष एवं ग्रीवेंस कमेटी मेंबर संजय सैनी ने श्रद्धालुओं के साथ हनुमान जी की आरती एवं अभिषेक किया। साथ ही बहादुरगढ़ क्षेत्र की उन्नति, विकास और खुशहाली के लिए भी विशेष प्रार्थना की गई।


बहादुरगढ़। कार्यक्रम में छात्राओं के साथ प्रिंसिपल व विशेषज्ञ।

### इंटर्नशिप में दिया वित्तीय ज्ञान

**बहादुरगढ़।** राजकीय महिला महाविद्यालय में प्राचार्या अल्का गुलाटी की अध्यक्षता तथा वाणिज्य विभाग प्रभारी डॉ. शिल्पा की देखरेख में एसपीडी कैपिटल सर्विसेज प्राइवेट लिमिटेड के सहयोग से इंटर्नशिप कार्यक्रम का आयोजन हुआ। प्रिंसिपल अल्का गुलाटी ने कहा कि ऐसे उद्योग-आधारित कार्यक्रम छात्राओं के कौशल एवं रोजगार क्षमता को बढ़ाने में सहायक होते हैं। एसपीडी कैपिटल सर्विसेज प्राइवेट लिमिटेड के निदेशक धीरज खेतान ने वित्तीय क्षेत्र में उपलब्ध करियर संभावनाओं के बारे में महत्वपूर्ण जानकारी दी। एचडीएफसी लाइफ की सदस्य शीतल व दीपक मलिक ने छात्राओं को स्वास्थ्य बीमा के बारे में बताया। इस दौरान बीकॉम की छात्रा कशिश, खूशबू, नैंसी व बरखा को प्रमाण-पत्र दिए गए। मंच संचालन पायल व आशु ने किया। इस दौरान डॉ. शीतल, ज्योति व मीरा आदि उपस्थित रहे।


बहादुरगढ़। कर्मचारियों के साथ सफाई करते डीएमसी अभिनव सिवाच।

### डीएमसी ने कर्मचारियों के साथ मिलकर की सफाई

**बहादुरगढ़।** शहर को स्वच्छ एवं सुंदर बनाने के उद्देश्य से डीएमसी अभिनव सिवाच ने वीरवार को विशेष सफाई अभियान का शुभारंभ किया। उन्होंने झज्जर रोड पर सफाई व्यवस्था का जायजा लिया। सफाई कर्मचारियों के साथ श्रमदान कर उनका उत्साहवर्धन किया और उन्हें स्वच्छता कार्य के प्रति प्रेरित किया। डीएमसी अभिनव सिवाच ने कहा कि स्वच्छता केवल प्रशासन की जिम्मेदारी नहीं, बल्कि इसमें आमजन की भागीदारी भी बेहद जरूरी है। उन्होंने नगर परिषद के अधिकारियों को निर्देश देते हुए कहा कि पूरे शहर में नियमित सफाई सुनिश्चित की जाए तथा किसी भी स्थान पर कूड़ा जमा न होने दिया जाए। साथ ही शहर के सभी गार्बेज डंपिंग प्वाइंट्स को भी पूरी तरह साफ करने के निर्देश दिए। इस मौके पर ईओ संजय रोहिल्ला, सचिव प्रवीण छिकारा व सफाई निरीक्षक सुनील हुड्डा आदि मौजूद रहे।


बहादुरगढ़। रिपेयर कार्य का शुभारंभ करते भाजपा नेता। फोटो: हरिभूमि

### 35 लाख में होगी लिंक रोड की मरम्मत

**बहादुरगढ़।** भाजपा नेता दिनेश कौशिक व मार्केट कमेटी चेयरमैन विनोद कौशिक ने वीरवार को कुलासी-प्रहलादपुर-किड़ौली लिंक रोड के रिपेयर कार्य का नारियल फोड़कर शुभारंभ किया। इस रिपेयर पर करीब 35 लाख रुपये की लागत आएगी। भाजपा नेता दिनेश कौशिक ने कहा कि ग्रामीणों द्वारा लंबे समय से सड़क रिपेयर की मांग की जा रही थी। चेयरमैन विनोद कौशिक ने कहा कि भाजपा सरकार ग्रामीण और शहरी दोनों क्षेत्रों के लोगों को मूलभूत सुविधाएं उपलब्ध करवाने के लिए प्रतिबद्ध है। इस मौके पर पूर्व जिलाध्यक्ष राजपाल जांगड़ा, वाइस चेयरमैन प्रदीप गुप्ता, नरेश भारद्वाज, मास्टर हवा सिंह, राहुल खत्री व जेई निशांत आदि मौजूद रहे।

### 526 विद्यार्थियों को डिग्री देकर किया सम्मानित

**झज्जर।** गंगा इंस्टीट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी एडं मैनेजमैंट कबलाना में वीरवार को 9वें दीक्षांत समारोह व एलुमनाई मीट का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में रजिस्ट्रार डॉक्टर कृष्णकांत, महर्षि दयानन्द यूनिवर्सिटी, रोहतक ने मुख्यातिथि के रूप में शिरकत की जबकि गंगा ग्रुप के चेयरमैन डॉक्टर सुशील गुप्ता व भारत गुप्ता विशिष्टातिथि के रूप में शामिल हुए। मुख्यातिथि ने विद्यार्थियों को अपनी क्षमताओं का इस्तेमाल देश के विकास व स्वयं का कौशल विकास करने के लिए प्रेरित किया। चेयरमैन डॉक्टर सुशील गुप्ता ने विद्यार्थियों को अथक मेहनत व परिश्रम के बल पर अपना भविष्य उज्ज्वल बनाने की प्रेरणा दी। समारोह में बीटेक अफटीअस के निखिल व एमसीए के विश्वास को पचास हजार रुपये तथा अन्य तीन विद्यार्थियों को 25 हजार रुपये की प्रोत्साहन राशि प्रदान की गई। इस दौरान इंजीनियरिंग व मैनेजमेंट के 526 विद्यार्थियों को डिग्रियां प्रदान की गई। शाम को आयोजित एलुमनाई मीट में पासआउट विद्यार्थियों ने एक-दूसरे से मिल कर अपने-अपने क्षेत्र के अनुभव साझा किए।

■ गंगा इंस्टीट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी एडं मैनेजमैंट कबलाना में 9वां दीक्षांत समारोह व एलुमनाई मीट




झज्जर। दीक्षांत समारोह में अतिथियों के साथ मंच पर उपस्थित होनहार विद्यार्थी।

## संस्कारम् विश्वविद्यालय में अंतरराष्ट्रीय कृषि वेटरनरी महासम्मेलन आज, तैयारियां पूरीं

हरिभूमि न्यूज ▶▶ झज्जर

संस्कारम विश्वविद्यालय में ग्लोबल इम्पैक्ट्स ऑफ सस्टेनेबल एग्रीकल्चर एंड वेटरनरी इनोवेशन्स विषय पर शुक्रवार को आयोजित होने वाले अंतरराष्ट्रीय महासम्मेलन को लेकर सभी तैयारियां पूरी कर ली गई हैं। संस्कारम समूह के चेयरमैन डॉक्टर महिपाल ने बताया कि सम्मेलन में भाग लेने के लिए देश-विदेश से आमंत्रित वैज्ञानिकों, शिक्षाविदों, शोधार्थियों एवं विशेषज्ञों के आगमन की शुरूआत हो चुकी है। कार्यक्रम में शामिल होने के लिए प्रदेश सरकार के पशुपालन एवं डेयरी विभाग के पूर्व महानिदेशक डॉक्टर ओपी छिक्कारा, राजस्थान पशु चिकित्सा एवं पशु विज्ञान विश्वविद्यालय के पूर्व कुलपति डॉक्टर एके गहलोत, बिहार से मत्स्य महाविद्यालय किशनगंज के सहायक प्रोफेसर डॉक्टर अभिषेक ठाकुर, पशु चिकित्सा एवं पशु विज्ञान महाविद्यालय किशनगंज के सहायक प्रोफेसर डॉक्टर शिव वरण सिंह, कामधेनु पशु चिकित्सा महाविद्यालय, रायपुर के पूर्व डीन डॉक्टर अशोक कुमार अग्रवाल, थाईलैंड से डॉक्टर सुथावत बेंजाकुल, डायरेक्टर इंटरनेशनल सेंटर ऑफ एक्सीलेंस इन सीफूड साइंस एंड इनोवेशन, सोंगक्ला यूनिवर्सिटी पहुंच चुके हैं। मुख्यातिथि के रूप में भाजपा राष्ट्रीय सचिव ओमप्रकाश धनखड़ शिरकत करेंगे जबकि विशिष्टातिथि के रूप में पूर्व शिक्षा मंत्री कंवरपाल गुर्जर उपस्थित रहेंगे। विश्वविद्यालय के वाइस चांसलर डॉक्टर अजीत सिंह ने बताया कि सम्मेलन को लेकर सभी व्यवस्थाएं पूरी कर ली गई हैं। यह सम्मेलन विद्यार्थियों एवं शोधार्थियों के लिए एक महत्वपूर्ण अवसर सिद्ध होगा, जहां उन्हें वैश्विक स्तर के विशेषज्ञों से जुड़ने और सीखने का अवसर प्राप्त होगा।





झज्जर। होनहार प्रतिभागी महाविद्यालय स्टॉफ सदस्यों के साथ।

### वाणिज्य प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता में विद्यार्थियों ने दिखाई प्रतिभा

**झज्जर।** राजकीय स्नातकोत्तर नेहरू महाविद्यालय की वाणिज्य समिति के तत्वावधान में व प्राचार्य दलबीर सिंह की अध्यक्षता में वाणिज्य प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता का आयोजन हुआ। वाणिज्य विभागाध्यक्ष डॉक्टर प्रियंका ने बताया कि प्रतियोगिता में एमकॉम द्वितीय वर्ष के अर्पित जैन, बीकॉम द्वितीय वर्ष की नेहा और बीकॉम तृतीय वर्ष के कुणाल की टीम पहले स्थान पर रही। एमकॉम द्वितीय वर्ष की निक्की, बी कॉम आनर्स तृतीय वर्ष की कोमल एवं रोहित की टीम दूसरे स्थान पर रही। एम कॉम प्रथम वर्ष के नवीन, बीकॉम ऑनर्स तृतीय वर्ष की खुशी एवं बी कॉम ऑनर्स तृतीय वर्ष की पायल ने तीसरा स्थान हासिल किया। प्रतियोगिता का निर्णय डॉक्टर श्रीकृष्ण दूहन, डॉक्टर जितेंद्र एवं डॉक्टर अंजू ने किया जबकि दीपक ने मंच संचालन किया। डॉक्टर निहारिका, डॉक्टर अंकुर और सारिका ने स्लाइड मास्टर की भूमिका निभाई।

■ राजकीय स्नातकोत्तर नेहरू महाविद्यालय की वाणिज्य समिति ने करवाया आयोजन

# सारथी बनी बेस्ट एथलीट, अनिता रही रनर-अप

**वैश्य आर्य कन्या महाविद्यालय में दो दिवसीय खेलकूद समारोह का समापन**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बहादुरगढ़

शहर के वैश्य आर्य कन्या महाविद्यालय में आयोजित दो दिवसीय खेलकूद समारोह वीरवार को संपन्न हो गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता प्राचार्य डॉ. राजवंती शर्मा ने की, जबकि मुख्य अतिथि के रूप में बहादुरगढ़ शिक्षा सभा के प्रधान श्रीनिवास गुप्ता उपस्थित रहे।

बीए द्वितीय वर्ष की छात्रा सारथी को बेस्ट एथलीट चुना गया। जबकि बीए द्वितीय वर्ष की अनिता रनर-अप रही। क्रालिंग रेस में प्रथम अनिता, द्वितीय गुंजन व तृतीय स्थान पर परिधि रही। जबकि 100 मीटर रेस में प्रथम सारथी, द्वितीय लक्की व तृतीय अनिता रही।

लेमन रेस में प्रथम अनिता, द्वितीय कीर्ति व तृतीय गुंजन रही। डिस्कस थ्रो में प्रथम सारथी, द्वितीय जाह्नवी व तृतीय क्रांति रही। थ्री लेग रेस में खुशबू-मुस्कान प्रथम, अनिता-भारती द्वितीय व गुंजन-सारथी तृतीय रही। लॉन्ग जम्प में कीर्ति प्रथम, जाह्नवी द्वितीय व सारथी तृतीय रही।


बहादुरगढ़। कार्यक्रम में योग क्रियाएं करतीं वैश्य कॉलेज की छात्राएं। फोटो: हरिभूमि


बहादुरगढ़। विजेता छात्राओं को सम्मानित करते कॉलेज पदाधिकारी। फोटो: हरिभूमि

### जैवलिन थ्रो में क्रांति रही प्रथम

जैवलिन थ्रो में क्रांति प्रथम, अनिता द्वितीय व जाह्नवी तृतीय रहीं। गोला फैंक में रिंकी ने प्रथम, जाह्नवी द्वितीय व क्रांति ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। हर्डल रेस में सारथी प्रथम, गुंजन द्वितीय व अनिता तृतीय रही। वहीं 200 मीटर रेस में रिंकी-लक्षिता प्रथम, लक्की-मुस्कान द्वितीय व सारथी ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। प्रधान श्रीनिवास गुप्ता ने कहा कि खेलकूद गतिविधियां शारीरिक विकास में सहायक होती हैं। इससे अनुशासन, आत्मविश्वास और टीम भावना भी विकसित होती है। प्राचार्या डॉ. राजवंती शर्मा कहा कि ऐसे आयोजन विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। आशीष गुप्ता, यशपाल गांधी, राजपाल शर्मा, पवन जैन और नरेश भारद्वाज ने भी छात्राओं की हौसला आफजाई की। आयोजन में डॉ. शालू शर्मा व प्रीति राठी की अहम भूमिका रही।


बहादुरगढ़। एमडीएस शिक्षा सदन स्कूल में यज्ञ करते स्टॉफ व स्टूडेंट्स।

## एमडीएस में यज्ञ से नया सत्र शुरू

**बहादुरगढ़।** जसौर खेड़ी के एमडीएस शिक्षा सदन सीनियर सेकेंडरी स्कूल में नए सत्र का शुभारंभ यज्ञ के साथ हुआ। हरिओम आर्य ने पवित्र वैदिक मंत्रोचारण के साथ स्कूल प्रांगण में यज्ञ संपन्न करवाया। सभी स्टाफ सदस्यों के साथ सभी छात्र-छात्राओं ने वैदिक मत्रों के साथ पवित्र अग्नि में आहुति दी। यज्ञ की समाप्ति पर हरिओम आर्य ने सभी बच्चों को जीवन उपयोगी बातों से अवगत कराया। मोबाइल व फास्ट फूड व डिब्बा बंद खाद्य वस्तुओं के दुष्प्रभाव पर विस्तार से प्रकाश डाला। साथ ही अपनी रसोई में बने सात्विक भोजन के महत्व को भी अच्छी प्रकार से समझाया। स्कूल डायरेक्टर कविता देशवाल ने बताया कि यज्ञ के द्वारा न केवल वायु शुद्ध होती है, बल्कि शारीरिक स्वास्थ्य पर भी अच्छा प्रभाव पड़ता है। प्रिंसिपल राजबाला देशवाल ने सभी बच्चों को मोबाइल से दूर रहने के लिए प्रेरित किया। मोबाइल न केवल हमारी याददाश्त को कमजोर कर रहा है, बल्कि खतरनाक गेम व अन्य दुर्व्यसनों में भी हमें धकेल रहा है।

